प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य की 43 विधानसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच सवेरे सात बजे से मतदान जारी, बूथों पर लगी मतदाताओं की कतार।
- चुनाव आयोग ने मतदाताओं से निडर होकर मतदान करने की अपील की, कहा– लोकतंत्र के महापर्व में सबकी सहभागिता जरुरी।
- 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार तेज, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देवघर और गोड्डा में करेंगे चुनावी सभा, इंडी गठबंधन के नेताओं की भी होगी चुनावी रैलियां।
- झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच कराने से इनकार, याचिका खारिज।
- 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल की तीरंदाजी प्रतियोगिता में एक स्वर्ण समेत झारखंड को छह पदक।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 15 जिलों की 43 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। सबसे पहले सभी बूथों पर सुबह साढ़े पांच बजे से सफलता पूर्वक मॉक पोल कराया गया। इसके बाद सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। 31 सीटों के नौ सौ पचास संवेदनशील बूथों को छोड़कर अन्य सभी जगहों पर मतदान शाम 5 बजे खत्म होगा जबकि संवेदनशील बूथों पर मतदान शाम 4 बजे तक होगा। इस चरण में एक करोड़ 37 लाख से अधिक मतदाता 73 महिलाओं समेत छह सौ 83 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे।
और अब सीधा रुख करते हैं अपने संवादाता केके लाल का।

केके लाल एक और प्रमुख सवाल है कि इस चरण में कौन–कौन से प्रमुख उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

*****************

इस बीच हमारे संवाददाता ने बताया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की दो सौ कंपनियां तैनात की गई हैं। अंतर–जिला सीमाएं सील कर दी गई हैं। नक्सली गतिविधियों को नाकाम करने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों में साझा अभियान चलाया गया है। किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया है।

*****************

इस बीच चुनाव आयोग ने मतदाताओं से निडर होकर मतदान करने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी सहभागिता जरुरी है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में पूरे उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर सभी युवा मतदाताओं को विशेष रूप से पहली बार वोटर बने युवाओं को बधाई दी।

*****************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने भी लोकतंत्र के इस उत्सव में लोगों से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदाताओं के पास एक अच्छी सरकार चुनने का यह सुनहरा अवसर है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के एटीआई में बने मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जैसे ही मतदान केंद्र पर पहुंचे, झारखंड पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार सबसे पहले उनका स्वागत किया गया। मतदान करने के बाद उन्होंने सेल्फी पॉइंट पर तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की।

*****************

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। श्री भट्टाचार्य ने दावा किया कि पहले चरण में ही इंडी गठबंधन को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त होगा।

*****************

मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रांची में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद महेश कुमार ने कहा कि झारखंड की बेहतरी के लिए उन्होंने मतदान किया है।

*****************

20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीसरी बार चुनावी दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। श्री मोदी देवघर और गोड्डा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इससे पहले पार्टी नेता और सिने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने धनबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में परिवर्तन की लहर है।

*****************

इधर, इंडी गठबंधन के भी कई नेता आज विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टुंडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर गरीबों की अनदेखी का आरोप लगाया।

*****************

चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के मीडिया विज्ञापनों पर भी नजर रख रहा है। इसके लिए मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच कराने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में दायर याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि याचिका के प्रार्थी एक अधिवक्ता हैं, जिनका इस परीक्षा से उनका कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

*****************

दुनिया भर में औसत मासिक तापमान अत्यधिक बढने के कारण 2024 के अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहने की आशंका है। कॉप–29 सम्मेलन के दौरान जारी विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि महत्वाकांक्षी पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है। पेरिस समझौते का लक्ष्या धरती की सतह के दीर्घकालिक औसत तापमान में वृद्धि को दो डिग्री से नीचे रखना है। समझौते में इस तापमान को एक दशमलव पांच डिग्री तक सीमित रखने के प्रयासों पर बल दिया गया है। विश्व मौसम संगठन द्वारा प्रयुक्त छह अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार जनवरी से सितंबर के दौरान सतह की वायु का वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक युग से पहले के औसत तापमान से एक दशमलव पांच चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसके कारण अल नीनो की घटना को प्रोत्साहन मिला। रिपोर्ट के अनुसार 2015 से 2024 का दशक सबसे गर्म रहने का अनुमान है। इसके कारण ग्लेसशियर से बर्फ पिघलने, समुद्र का जल स्त्र बढने और महासागरों का पानी गर्म होने की घटनाएं बढ रही हैं। विश्व मौसम विभाग की महासचिव सेलेस्ते साउलो ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के संबंध में तापमान में किसी भी तरह की वृद्धि पर ध्यायन देना आवश्येक है और तापमान में अतिरिक्त वृद्धि प्राकृतिक आपदाओं, उनके प्रभावों और जोखिमों को बढाती है।

*****************

भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष अक्तूबर से इस वर्ष अक्तूबर तक महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकडों के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा कुल संस्थापित क्षमता एक वर्ष में 13 दशमलव पांच शून्य प्रतिशत बढकर 24 दशमलव दो शून्य गीगावॉट हो गई। यह अक्तूबर 2023 में 178 दशमलव नौ आठ गीगावॉट से बढकर अक्तूबर 2024 में 203 दशमलव एक आठ गीगावॉट हो गई। यह महत्वपूर्ण वृद्धि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप है।

*****************

गुजरात के नादियाड में 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल की तीरंदाजी अंडर 17 प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने एक स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। झारखंड की तमन्ना ने 60 मीटर रिकर्व में स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल रिकर्व में रजत पदक भी जीता।

*****************

बिहार के राजगीर में चल रही एशियन महिला हॉकी चौम्पियंस ट्राफी के दूसरे दिन भारत ने लगातार दूसरी जीत हासिल कर अपना विजय अभियान जारी रखा। भारत ने कोरिया को 3–2 से पराजित किया। झारखंड की युवा स्ट्राइकर संगीता कुमारी ने एक और दीपिका ने दो गोल किये।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड में पहले चरण के मतदान की तैयारियों और दूसरे चरण के चुनाव प्रचार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– पहले चरण में सुरक्षित सीटें जीतने वाले की ही सरकार।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– आज 43 सीटों के 683 प्रत्याशियों के लिए 1.37 करोड़ वोटर करेंगे मतदान।
- हिन्दुस्तान लिखता है– बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में रांची समेत 17 ठिकानों पर इडी की छापेमारी।
- दैनिक जागरण के शब्द हैं– समृद्ध झारखंड के लिए करें मतदान।
- रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर मतदान आज।
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी आज होने वाले मतदान की खबर को सुर्खी बनायी है।

*******समाप्त*******